दैनिक जागरण 24/11/2025

# ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करना समय की मांग : डा. रोहित



देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में शामिल जीएमएन कालेज अंबाला के प्राचार्य डा .रोहित दत्त व अन्य । ● विज्ञप्ति

**अंबाला विज्ञप्ति** : ब्रिजिंग द गैप बिटवीन इंडस्ट्री एंड अकादेमिया : सस्टेनेबल फ्यूचर आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज विषय पर देहरादून में गुरु राम राय विश्वविद्यालय के स्कूल आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा . रोहित दत्त ने भागीदारी की। वे उपाध्यक्ष एपीटीआइ और एसजीआरआर इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की पहली बैच के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना, कचरे को न्यूनतम करना और ग्रीन-केमिस्ट्री सिद्धांतों को अपनाना प्रगति की रोडमैप है। लाइफ-साइकल असेसमेंट हमें कच्चे माल के निष्कर्षण से लेकर निपटान तक के हर चरण के पर्यावरणीय प्रभाव को आंकने में मदद करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नीतियों की स्थिरता, कार्बन मार्केट और निवेश योग्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ, आम लोगों की भागीदारी भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि क्लीन एयर, साफ पानी और स्वच्छता, हर घर में कचरे का स्रोत-पर-स्रोत विभाजन ज़रूरी है। सरकार द्वारा इस अभियान में स्कूल-स्तर से लेकर उद्योग-स्तर तक सभी को शामिल किया जा रहा है।